# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई-मेल: bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-02/2020 खण्ड 1290/पटना, दिनांक 09/06/2020

प्रेषक,

**रंजना कुमारी,**
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**निबंधक, सहयोग समितियाँ,**
**सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक (स०स०),**
**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,**
बिहार, पटना।

विषय : **बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 एवं बिहार स्वाबलंबी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों के निर्वाचन प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 696 दिनांक 16.07.2018 द्वारा सहकारी समितियों का निर्वाचन प्रस्ताव निर्वाचन देयता अवधि के अनुसार प्राधिकार को उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निदेश दिये गए हैं, जिसके अनुसार 01 मई से 31 अगस्त 2020 तक के निर्वाचन देय समितियों के निर्वाचन प्रस्ताव 01 जनवरी, 2020 तक तथा 1 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक निर्वाचन देय समितियों के निर्वाचित प्रस्ताव 1 मई तक ही उपलब्ध कराये जाने थे।

यदि किसी कारणवश उक्त अवधि में निर्वाचन देय समितियों का निर्वाचन प्रस्ताव प्राधिकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है, तो अनुरोध है कि आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 31 दिसम्बर, 2020 तक निर्वाचन देय सभी सहकारी समितियों का निर्वाचन प्रस्ताव प्राधिकार के पत्रांक 131 दिनांक 15.01.2019 का अनुपालन करते हुए विहित प्रपत्र में प्राधिकार को दिनांक 30.06.2020 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,
09.6.20
**(रंजना कुमारी)**
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 1290 /पटना, दिनांक : 09/06/2020

प्रतिलिपि : सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09.6.20
**संयुक्त सचिव।**

BSEA dt.04.06.2020 Vasant